# हैप्पी बर्थडे कान्हा | By Joshu Kanhaiya

तेरा आया जनमदिन कान्हा हम सब नाचेंगे
नाचेंगे हम गाएंगे, तुझको साथ नचाएंगे
तेरा आया जनमदिन कान्हा ओ नाचे गाएंगे

सुन्दर सुन्दर फूलों से है आसन तेरा सजाया
तेरे लिए हमने कान्हा केक भी मंगवाया
सुन्दर सुन्दर फूलों से है आसन तेरा सजाया
कान्हा तेरा नाम है लिख कर केक भी मंगवाया
पहले तुझको हम भोग लगा के तेरा झूठा खाएंगे
तेरा आया जनमदिन कान्हा ओ धूम मचाएंगे

मीठी तेरी मुरली कान्हा कानो में रस घोले
वृन्दावन की गलियों में बस राधे राधे बोले
मीठी तेरी मुरली कान्हा कानो में रस घुले
वृन्दावन की गलियों में बस राधे राधे बोले
तेरी मुरली की धुन पे ओ कान्हा मगन हो जायेंगे
तेरा आया जनमदिन कान्हा ओ नाचे गाएंगे

तेरे लिए भजनो का ये तोहफा हम हैं लाये
बड़े चाव से बड़े भाव से तुझको आज सुनाये
तेरे लिए भजनो का ये तोहफा हम हैं लाये
बड़े चाव से बड़े भाव से केटी आज सुनाये
करो कृपा ओ नन्द के लाला गुण तेरे गाएंगे
तेरा आया जनमदिन कान्हा ओ भंगड़े पाएंगे
तेरा आया जनमदिन कान्हा ओ नाचे गाएंगे
ओ भंगड़े पाएगे.........
हो नाचें गाएंगे ..........
हो धूम मचाएंगे ..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%aa%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%a5%e0%a4%a1%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be-by-joshu-kanhaiya/